CLASS NOTES-ANSWERS

पाठ ज्ञान

1. नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दो।

मौखिक

(क) श्रीधरन का जन्म कब और कहाँ हुआ?

उत्तर: श्रीधरन का जन्म 12 जून, 1932 को केरल के पलक्कड जिले में हुआ।

(ख) पहली मेट्रो रेल सेवा के लिए किस शहर को चुना गया?

उत्तर: पहली मेट्रो रेल सेवा के लिए कोलकाता शहर को चुना गया।

(ग) श्रीधरन के अनुसार किसी काम की सफलता किस पर निर्भर करती है?

उत्तर: श्रीधरन के अनुसार किसी भी काम की सफलता उसे करने वाले की योग्यता पर निर्भर करती है।

THE GARDEN SCHOOL Anakkal P.O. Kanjirappally 686 508

(घ) श्रीधरन को और किस नाम से जाना जाता है?

उत्तर: श्रीधरन को 'मेट्रो मैन' के नाम से जाना जाता है।

लिखित

(क) श्रीधरन ने रामेश्वरम और तमिलनाडु को जोड़ने वाले पुल का पुनर्निर्माण कितने दिनों में पूरा किया?

उत्तर: श्रीधरन ने रामेश्वरम और तमिलनाडु को जोड़ने वाले पुल का पुनर्निर्माण 46 दिनों में पूरा किया।

(ख) श्रीधरन ने दिल्ली मेट्रो रेल का रास्ता किस प्रकार तैयार किया?

उत्तर: श्रीधरन ने दिल्ली मेट्रो रेल का रास्ता कहीं ऊपर से तो कहीं जमीन के नीचे से तैयार किया।

(ग) श्रीधरन को किन-किन पुरस्कारों से सम्मानित किया गया?

उत्तर: श्रीधरन को 1963 में रेल मंत्री अवार्ड, 2001 में पद्मश्री, 2008 में पद्मा विभूषण से सम्मानित किया गया। 2003 में टाइम मैगजीन ने उन्हें 'वन ऑफ़ एशियाज हीरोज़' की उपाधि दी गई थी।

(घ) श्रीधरन के चरित्र की प्रमुख विशेषताएँ लिखो।

उत्तर: श्रीधरन काम के प्रति सच्ची लगन रखने वाले, समय के महत्व को पहचानने वाले, दृढ़ विश्वास, ईमानदार और आत्मविश्वास से भरपूर व्यक्ति है।

2. सही उत्तर चुनकर लगाओ।

(क) रामेश्वरम का पुल कब टूटा? 1963

(ख) श्रीधरन को पद्म विभूषण से कब सम्मानित किया गया? 2008

(ग) 1963 को श्रीधरन को कौन सा अवार्ड मिला? रेलमंत्री अवार्ड

भाषा ज्ञान

1. पढ़ो, समझो और लिखो।

विशेष	निर्भर	विशिष्ट
असंभव	अमूल्य	आजन्म

2. हिंदी में अनुवाद करो।

(क) Sreedharan was fond of working. श्रीधरन काम के धुनी थे।

(ख) Sreedharan is also known as the Metro Man. श्रीधरन को मेट्रो मैन के नाम से भी जाना जाता है।

(ग) He used to complete all his work on time. वह अपना काम समय पर पूरा कर देते थे।

(घ) In 2008, Sreedharan was awarded the Padma Vibhushan by the Indian government. भारत सरकार ने उन्हें सन 2008 में पद्म भूषण से सम्मानित किया।

THE GARDEN SCHOOL ★ Anakkal P.O. Kanjirappally 686 508 ★